**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3816**

**दिनांक 11 अगस्त, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**मेडिकल कॉलेजों और औषधालयों का उन्नयन**

**3816. डॉ. महेश शर्मा:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार को विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार से अभिघात केन्द्रों की स्थापना करने और मेडिकल कॉलेजों तथा आयुष औषधालयों के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा ऐसे कितने प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान इस प्रयोजनार्थ आबंटित और जारी की गई निधि का प्रस्ताव-वार, जिला:वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या ऐसे प्रस्ताव सरकार के अनुमोदनार्थ लंबित हैं और यदि हां, तो इसके कारणों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा ऐसे प्रस्तावों को कब तक अनुमोदित किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ भारती प्रविण पवार)**

(क) से (च): 11वीं पंचवर्षीय योजना (2007-2012) और 12 वीं पंचवर्षीय योजना (2012-2017) के दौरान "राष्ट्रीय ट्रॉमा एवं बर्न इंजरीज रोकथाम और प्रबंधन कार्यक्रम" के तहत देश भर में 196 ट्रॉमा परिचर्या सुविधा केंद्रों (टीसीएफ) को संस्वीकृत किया गया था जिनमें उत्तर प्रदेश के 13 केन्द्र शामिल हैं। इस योजना के मानदंडों के अनुसार राज्यों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर अनुमोदन प्रदान किए गए थे। 12 वीं पंचवर्षीय योजना के बाद पूर्वकथित कार्यक्रम के तहत नए ट्रामा परिचर्या सुविधा केंद्रों की पहचान करने का कोई प्रावधान नहीं है।

“एमबीबीएस सीटों को बढ़ाने के लिए मौजूदा राज्य सरकार/केंद्र सरकार के मेडिकल कॉलेजों का उन्नयन” योजना के तहत, देश में उत्तर प्रदेश के 07 मेडिकल कॉलेजों में कुल 432 एमबीबीएस सीटें अनुमोदित की गई हैं। “नए स्नातकोत्तर (पीजी) विषयों को शुरू करने और पीजी सीटों को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के मेडिकल कॉलेजों का सुदृढ़ीकरण और उन्नयन” योजना के तहत, चरण-I के अंतर्गत 07 मेडिकल कॉलेजों में 265 पीजी सीटें अनुमोदित की गई थीं और चरण-II के अंतर्गत, उत्तर प्रदेश के 11 मेडिकल कॉलेजों में 291 पीजी सीटें अनुमोदित की गई हैं। दोनों योजनाओं के तहत, उत्तर प्रदेश को जारी की गई धनराशि के केन्द्रीय हिस्से का ब्यौरा **अनुलग्नक -I** में दिया गया है। उत्तर प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों के उन्नयन के लिए प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत आबंटन और जारी की गई निधियों का ब्यौरा **अनुलग्नक –II** में दिया गया है।

आयुष मंत्रालय आयुष चिकित्सा पद्धति के विकास और संवर्धन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केन्द्रीय प्रायोजित योजना कार्यान्वित कर रहा है और एनएएम दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार विभिन्न कार्यकलापों के अंतर्गत उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। एनएएम के अंतर्गत, सरकारी/पंचायत/सरकारी सहायता प्राप्त आयुष औषधालयों के उन्नयन के लिए वित्तीय सहायता का उपबंध है और तदनुसार पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार 126 आयुष औषधालयों के उन्नयन के लिए अनुमोदन किया गया है और इसके लिए 2520. 00 लाख रुपए का सहायता अनुदान स्वीकृत किया गया है।

*******

**अनुलग्नक-I**

<u>उत्तर प्रदेश में एमबीबीएस सीटों को बढ़ाने के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेजों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के तहत जारी की गई धनराशि</u>

*(करोड़ रुपये में)*

| क्र. सं. | मेडिकल कॉलेज का नाम | बढ़ाई जाने वाली यूजी सीटों की संख्या | प्रारंभिक अनुमोदित लागत | केंद्रीय हिस्सा (60%) | पिछले 03 वर्षों यानी 2020-21 से 2022-23 के दौरान जारी की गई कुल निधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज | 50 | 60 | 36 | 11.8 |
| 2. | महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झांसी | 50 | 60 | 36 | 14.4 |
| 3. | गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, कानपुर | 60 | 72 | 43.2 | 17.27 |
| 4. | लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, मेरठ | 100 | 120 | 72 | 28.8 |
| 5. | एस.एन. मेडिकल कॉलेज, आगरा | 72 | 86.39 | 51.834 | 20.73 |
| 6. | बीआरडी, मेडिकल कॉलेज गोरखपुर | 50 | 60 | 36 | 14.4 |
| 7. | डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ | 50 | 60 | 36 | 14.4 |
| | कुल | 432 | 518.39 | 311.034 | 121.8 |

उत्तर प्रदेश में नए पीजी विषयों को शुरू करने और पीजी सीटों को बढ़ाने के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेजों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के तहत जारी की गई निधियां

चरण-I

*(करोड़ रुपये में)*

| क्र. सं. | मेडिकल कॉलेज का नाम | अनुमोदित पीजी सीटों की संख्या | कुल लागत | केंद्रीय हिस्सा | जारी की गई कुल निधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | छत्रपति साहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय (सीएसएमएमयू), लखनऊ | 91 | 6.52 | 4.3360 | 4.3360 |
| 2 | जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, कानपुर | 38 | 3.06 | 2.2900 | 2.29 |
| 3 | एलएलआर मेडिकल कॉलेज, मेरठ | 40 | 7.55 | 5.4284 | 5.4284 |
| 4 | मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, इलाहाबाद | 24 | 4.05 | 3.0300 | 3.03 |
| 5 | बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर | 10 | 3.59 | 2.6900 | 2.69 |
| 6 | एमएलबी मेडिकल कॉलेज, झांसी | 13 | 3.15 | 2.3600 | 2.36 |
| 7 | राजकीय मेडिकल कॉलेज, आगरा | 49 | 27.17 | 20.3800 | 20.38 |
| | कुल | 265 | 55.09 | 40.5144 | 40.5144 |

चरण-II

*(करोड़ रुपये में)*

| क्र. सं. | मेडिकल कॉलेज का नाम | अनुमोदित पीजी सीटों की संख्या | कुल लागत | केंद्रीय हिस्सा | पिछले तीन वर्षों में जारी की गई कुल निधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं सुपर फैसिलिटी अस्पताल, आजमगढ़ | 30 | 36 | 21.6 | 8.64 |
| 2 | गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, जालौन | 5 | 5.99 | 3.594 | 1.44 |
| 3 | रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज, बांदा | 13 | 9.35 | 5.61 | 2.24 |
| 4 | शेख-उल-हिंद मौलाना महमूद हसन मेडिकल कॉलेज या एस.एम.एम.एच मेडिकल कॉलेज, सहारनपुर | 8 | 2.072 | 1.2432 | 0.5 |
| 5 | मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज | 49 | 58.8 | 35.28 | 14.11 |
| 6 | लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, मेरठ | 31 | 37.2 | 22.32 | 8.93 |
| 7 | एस.एन. मेडिकल कॉलेज, आगरा | 48 | 57.6 | 34.56 | 13.82 |
| 8 | बीआरडी, मेडिकल कॉलेज गोरखपुर | 14 | 16.8 | 10.08 | 4.03 |
| 9 | डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ | 21 | 25.2 | 15.12 | 6.05 |
| 10 | गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, कानपुर | 55 | 66 | 39.6 | 10 |
| 11 | महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झांसी | 17 | 20.4 | 12.24 | 3.06 |
| | कुल | 291 | 335.41 | 201.24 | 72.82 |

**अनुलग्नक-II**

<u>उत्तर प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों के उन्नयन के लिए प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत जारी की गई निधियां</u>

*(करोड़ रुपये में)*

| क्र सं | सरकारी मेडिकल कॉलेजों / संस्थाओं के नाम | निधि का आवंटन | | | कुल जारी किया |
|---|---|---|---|---|---|
| | | केंद्रीय हिस्सा | राज्य/संस्थान हिस्सा | कुल | |
| 1 | एसजीपीजीआईएमएस, लखनऊ | 100 | 20 | 120 | 91.64 |
| 2 | आईएमएस, बीएचयू, वाराणसी में ट्रॉमा सेंटर (टीसी) | 100 | 47 | 147 | 98.85 |
| 3 | जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | 125 | 25 | 150 | 105.78 |
| 4 | गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, झांसी | 120 | 30 | 150 | 106.15 |
| 5 | गर्वनमेंट मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर | 120 | 30 | 150 | 119.24 |
| 6 | एमएलएन मेडिकल कॉलेज, इलाहाबाद | 120 | 30 | 150 | 104.61 |
| 7 | एलएलआर मेडिकल कॉलेज, मेरठ | 120 | 30 | 150 | 117.88 |
| 8 | गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, आगरा | 120 | 80 | 200 | 90.94 |
| 9 | गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, कानपुर | 120 | 80 | 200 | 100.88 |
| 10 | आयुर्विज्ञान संस्थान, बीएचयू, वाराणसी में एसएसबी | 120 | 80 | 200 | 112.85 |
| 11 | चिकित्सा विज्ञान संस्थान, बीएचयू, वाराणसी में रियो | 46.09 | 0 | 46.09 | 41.02 |